Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:12 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:59 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 86 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 19 सितम्बर 2024



आराध्या बच्चन ने शिव राजकुमार ...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### तेज रफ्तार वाहन ने अज्ञात युवक को कुचला, मौत

**हल्द्वानी।** बरेली रोड पर एक तेज रफ्तार वाहन ने एक अज्ञात युवक को कुचल दिया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मंडी चौकी प्रभारी विजय मेहता घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। युवक की पहचान के लिए पुलिस ने शव की तलाशी ली, लेकिन पहचान से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस ने युवक के शव को मोर्चरी में भेज दिया है और उसकी शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि यदि युवक की पहचान नहीं हो पाती, तो शव का अंतिम संस्कार पोस्टमार्टम के तीन दिन बाद किया जाएगा।

### कृषि सेवा केंद्र में लगी आग, दमकल ने पाया आग पर काबू



**हल्द्वानी।** शहर के मध्य स्थित कालू सिद्ध मंदिर के पास स्थित मॉडर्न कृषि सेवा केंद्र में देर रात आग लग गई, जिससे हड़कंप मच गया। आग की सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समय रहते आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। दुकान में भारी मात्रा में कृषि रसायन, दवाइयाँ और यूरिया खाद रखी हुई थी। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, जिससे लाखों रुपये का नुकसान होने की आशंका है। दुकान के स्वामी द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है। राहगीरों ने दुकान से धुआं निकलते देख तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित किया। दमकल की टीम ने कठिनाई से दुकान की शटर का ताला तोड़कर आग बुझाने का प्रयास किया। आग ने दुकान को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया था, लेकिन गनीमत रही कि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया।

## सितारगंज पहुंचे डीएम, गन्ना पेराई सत्र की तैयारियों का किया निरीक्षण

**सितारगंज/रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

गन्ना पेराई से पूर्व चीनी मिल जेजीएन शुगर एंड बायोफ्यूल्स प्रा. लि.सितारगंज की तैयारियों को जांचने अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी उदय राज सिंह पहुंचे सितारगंज।

उन्होंने कहा कि गन्ना पेराई सीजन जल्द शुरू होने वाला है इसलिए सारी तैयारियां पूरी कर ली जाय। प्रबंध निदेशक चीनी मिल आदित्य झाजी ने बताया कि चीनी मिल का मॉडनाइजेसन , मेंटेनेंस व सफाई कार्य पूर्ण हो चुका है



मिल गन्ना पेराई के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष गन्ना किसानों का भुगतान 14 दिनो के भीतर कर दिया गया था, इस वर्ष चीनी मिल द्वारा किसानों को गन्ना देते ही उनके खाते में भुगतान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मिल मै चीनी के साथ ही एथेनॉल भी बनाया जायेगा । मिल में बगास से विधुत उत्पादन किया जाएगा मिल में विधुत उपयोग कर अवशेष विद्युत ग्रिड को दिया जाएगा। डीएम ने गन्ना अधिकारी को क्षेत्र में गन्ना उत्पादन की जांच करने के साथ ही गन्ना रकबा बड़ाने हेतु किसानों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। गन्ना अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष क्षेत्र में किसानों द्वारा 6300 हेक्टेयर में गन्ना बोया गया है। डीएम ने गन्ना उत्पादन करने वाले किसानों एवम उनकी जोत का डाटा एकत्र करते हुए और किसानों को भी गन्ना उत्पादन करने के लिए प्रेरित करने तथा जो किसान गन्ना उत्पादन कर रहे है उन किसानों को रकबा बड़ाने के लिए प्रेरित किया जाए ताकि गन्ना रकबा 10,000 हेक्टेयर किया जा सके। उन्होंने सितारगंज क्षेत्र में गन्ना शोध केंद्र हेतु भूमि तलासने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण दौरान एडीएम पंकज उपाध्याय , एसडीएम रविन्द्र जुआठा, कौसतुभ मिश्र, तहसीलदार पूजा शर्मा, सीओ बहादुर सिंह चौहान, गन्ना अधिकारी आशीष नेगी आदि मौजूद थे।

**चुनावी रैली: विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी**

## तीन खानदानों ने जम्मू-कश्मीर को बर्बाद किया: प्रधानमंत्री मोदी

**जम्मू-कश्मीर**
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विधानसभा चुनावों के दूसरे चरण के लिए वीरवार को श्रीनगर चुनावी रैली को संबोधित कर रहे हैं। इसके बाद वह कटड़ा में रैली करेंगे। सभा करने से पहले प्रधानमंत्री माता वैष्णो देवी के दर्शन भी करेंगे।

उन्होंने हजरतबल, जेष्ठा माता, खीर भवानी, शंकराचार्य का जिक्र किया और कहा कि इन तीन परिवारों के कारण हमारे पवित्र स्थान सुरक्षित नहीं हैं। तीन दशकों के बाद मुहर्रम का जुलूस निकाला गया, पर्यटन बढ़ रहा है, टैक्सी मालिक और ढाबा मालिक... हर कोई शांतिपूर्ण माहौल में आजीविका कमा रहा है, यह सब जम्मू कश्मीर के लोगों के कारण है। जम्मू-कश्मीर को टेरर से, दहशतगर्दी से आजाद कराना। जम्मू-कश्मीर के खिलाफ साजिश करने वाली हर ताकत को हराना। यहां के नौजवानों को यहीं पर रोजगार के मौके दिलाना। ये मोदी का इरादा है, मोदी का वादा है। किश्तवाड़ में 80% से ज्यादा वोटिंग,



डोडा में 71% से ज्यादा वोटिंग, रामबन में 70% से ज्यादा और कुलगाम में 62% से ज्यादा वोटिंग हुई है। अनेक सीटों पर पिछली बार की वोटिंग के रिकॉर्ड टूट गए हैं। ये नया इतिहास बना है, ये नया इतिहास जम्मू-कश्मीर के लोगों ने रचा है। कुछ दिन पहले जब मैं जम्मू-कश्मीर आया था... तो मैंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर की बर्बादी के लिए तीन खानदान जिम्मेदार हैं। तब से, दिल्ली से लेकर श्रीनगर तक, ये लोग बौखलाए हुए हैं। इन्हें लगता है कि इनपर कोई कैसे सवाल उठा सकता है, इन्हें लगता है कि जैसे-तैसे कुर्सी पर कब्जा जमाना और फिर आप सबको लूटना इनका पैदाइशी हक है। जम्मू-कश्मीर की अवाम को उनके जायज हक से महरूम रखना ही, इनका सियासी एजेंडा रहा है। इन्होंने, जम्मू-कश्मीर को सिर्फ, तशद्दुत यानी डर और इंतशार यानी अराजकता ही दी है। लेकिन अब जम्मू-कश्मीर, इन तीन खानदानों के शिकंजे में नहीं रहेगा...।

## नवोदय विद्यालय गैरसैंण में तड़के शॉर्ट सर्किट से लगी आग, हॉल में सोए थे बच्चे

**चमोली**
हमारे संवाददाता

नवोदय विद्यालय गैरसैंण में बड़ा हादसा होने से टल गया। शॉर्ट सर्किट से यहां आग लग गई और इस दौरान बच्चे सोए थे। नवोदय विद्यालय गैरसैंण में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।

इस दौरान यहां बच्चे सोए थे, लेकिन गनीमत रही कि आग बच्चों के कमरे तक नहीं पहुंची, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंची। विद्यालय की एक बिल्डिंग के हॉल में जो की टीन और फाइबर का बना हुआ है, इसमें चार पार्ट हैं। तीन पार्ट में बच्चे रात में सोए थे और चौथे भाग में बच्चों के रजाई गद्दे बिस्तर समान और खेल का सामान रखा हुआ था। आगजनी शुरू हुई और पूरे फैब्रिकेटेड हॉल में लग गई। सारे बच्चे सुरक्षित हैं। किसी भी बच्चे को या स्टाफ कर्मचारी टीचर को हानि नहीं हुई। फायर ब्रिगेड व स्थानीय पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचे। स्टोर में रखे बच्चों के रजाई गद्दा सामान बैग्स तथा खेल सामग्री जल गई है। आग पर काबू कर लिया गया है।



## गोल्ड लोन के लिए गिरवी आभूषण निकले नकली, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

केनरा बैंक की शाखा मुखानी में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है जिसमें आरोप है कि आरोपी ने फर्जी कागजात के आधार पर बैंक से गोल्ड लोन प्राप्त किया। गोल्ड लोन के नाम पर उसने सोने के नकली गहने गिरवी रख दिए। इस मामले की सूचना मुखानी पुलिस को भी दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई जिसके बाद पीड़ित कोर्ट की शरण में पहुंचा। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर किया है।

बैंक के शाखा प्रबंधक प्रदीप जोशी ने न्यायालय में प्रार्थनापत्र दाखिल किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि आरोपी अजहर वारसी ने बैंक से 1 लाख 25 हजार रुपये का गोल्ड लोन प्राप्त करने के लिए, सोने की एक चेन और दो सोने के कंगन बैंक में गिरवी रखे थे।

बैंक के नियमों के अनुसार, आभूषण की शुद्धता की जांच के लिए इन्हें अधिकृत ज्वेलर भारद्वाज ज्वेलर्स को भेजा गया। ज्वेलर ने इन आभूषणों की शुद्धता को मान्यता दी और बैंक ने वारसी को लोन जारी कर दिया। लेकिन जब 31 मई 2023 को आभूषणों का पुनः मूल्यांकन किया गया, तब यह सामने आया कि पेश किए गए आभूषण नकली थे।

शाखा प्रबंधक का आरोप है कि वारसी और ज्वेलर तरुण भारद्वाज ने मिलकर बैंक के साथ धोखाधड़ी की और नकली आभूषण के माध्यम से लोन हासिल कर लिया। शाखा प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## 21 सितंबर को होगा आतिशी का शपथ ग्रहण समारोह

**नई दिल्ली**
एजेंसी

उनके साथ अन्य मंत्री भी लेंगे शपथ दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के बाद सीएम बनने जा रहीं आतिशी 21 सितंबर को शपथ लेंगी। इसी दिन उनकी पूरा मंत्रिमंडल भी शपथ लेगा।

आतिशी 21 सितंबर को दिल्ली की मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। उनके साथ अन्य मंत्री भी शपथ लेंगे। अरविंद केजरीवाल ने बीते मंगलवार की शाम को एलजी को अपना इस्तीफा सौंपा था और आतिशी ने सरकार बनाने का दावा पेश किया था। आम आदमी पार्टी ने एक बयान में कहा कि आतिशी 21 सितंबर को दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगी, उनके साथ अन्य मंत्री भी शपथ लेंगे। बता दें कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सरकार के गठन के प्रस्ताव के साथ मुख्यमंत्री अरविंद



केजरीवाल का इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजा था। इससे पहले मंगलवार अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से पहले अपने उत्तराधिकारी के तौर पर आतिशी को चुना। मंगलवार शाम राजनिवास पहुंचे केजरीवाल ने केजरीवाल ने एलजी का सौंपा। साथ में आतिशी ने नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। उपराज्यपाल ने दोनों प्रस्तावों को बुधवार मंजूरी के लिए राष्ट्रपति को भेज दिया। इसमें 21 सितंबर को आतिशी को शपथ दिलाने का प्रस्ताव भी एलजी ने राष्ट्रपति को दी। यह फाइल केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी भेजी गई। राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद आतिशी शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगी। राज निवास सूत्रों के अनुसार, एलजी ने स्वेच्छा से शपथ दिलाने की तारीख तय की है। इसके लिए अरविंद केजरीवाल व आतिशी ने उनको कोई सुझाव नहीं दिया था।

तकनीकी रूप से मुख्यमंत्री के इस्तीफा देने पर पूरा मंत्रिमंडल भंग माना जाता है। इस वजह से आतिशी के साथ ही उनका पूरा मंत्रिमंडल शपथ लेगा। इस मंत्रिमंडल में कुछ नये विधायक जुड़ेंगे तो कुछ पुरानी मंत्रियों को शामिल किया जाएगा। मंत्रियों के नाम और उनके विभाग तय करने का अधिकार मुख्यमंत्री का ही होगा। सूत्र बताते हैं कि केजरीवाल कैबिनेट के मंत्री आतिशी की कैबिनेट में शामिल होंगे। वहीं, न्यूनतम दो नए चेहरे भी कैबिनेट में दिखेंगे। आतिशी के साथ उनके कैबिनेट सहयोगी भी शपथ ले सकते हैं।

# अंकिता हत्याकांड का दोषी वीवीआईपी है कौन: सुमित

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

अंकिता भंडारी की दूसरी बरसी पर न्याय की मांग को लेकर कांग्रेस ने किया मौन उपवास। मौन उपवास के बाद जनप्रिय नेता विपक्ष राहुल गांधी जी को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा गई अनर्गल बयानबाजी और उन्हें जान से मारने की धमकी से आक्रोशित कांग्रेसियो ने विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में फूंका भाजपा का पुतला।



विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को गुजरे हुवे दो साल हो गये है और भाजपा सरकार वीवीआईपी का नाम सार्वजनिक करने के मामले में मौन है।, सीबीआई जाँच की मांग पर भी मौन है। इस मौन भाजपा सरकार को जगाने और बहन अंकिता को न्याय दिलाने के दृढ़ संकल्प संग हम सब कांग्रेसी मौन उपवास कर उत्तराखंड की बेटी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

नेता विपक्ष राहुल गांधी पर भाजपा नेताओं द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी पर विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि यह भाजपा का असली चरित्र है। यह सिर्फ एक नेता पर हमला नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आवाज़ को दबाने की एक कोशिश है, जिसे हम कभी सफल नहीं होने देंगे। हम कांग्रेसजन भाजपा की तानाशाही, अन्याय और गुंडागर्दी का पुरजोर विरोध करेंगे। कांग्रेस का हर सिपाही सत्य और न्याय की राह पर डटा रहेगा, चाहे कितनी भी मुश्किलें क्यों न आएं।

महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि विगत दो वर्षों से हम सब उत्तराखंड वासी अंकिता भंडारी के न्याय की लड़ाई लड़ रहे है। मौन उपवास का आयोजन न केवल अंकिता के लिए न्याय की मांग को दोहराने का एक शांतिपूर्ण माध्यम है।जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि दो साल तक अंकिता भंडारी को न्याय ना मिलने से राज्य की कानून व्यवस्था और सरकार की संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मामले की सीबीआई जाँच ना होने से जनता में गहरा आक्रोश है। मौन उपवास के माध्यम से हम सरकार से मांग करते हैं कि अंकिता भंडारी के मामले में शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई की जाए।

अंकिता भंडारी की दूसरी बरसी पर उनकी स्मृति में और उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से, जिला-महानगर कांग्रेस द्वारा आयोजित मौन उपवास कार्यक्रम में महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मधु सांगूड़ी, कमला सनवाल, जया कर्नाटक, शोभा बिष्ट, भागीरथी बिष्ट, पार्षद नीमा भट्ट, पार्षद राधा आर्य, पार्षद दीपा बिष्ट, भगवती जोशी, रमा शर्मा, मीनाक्षी नयाल, विमला सांगूड़ी, दीपा टम्टा, सविता गुरुरानी, गीता बहुगुणा, रेनू तोमर, पुष्पा मेहता, राजो टंडन, निर्मला जोशी, जया पाठक, मुन्नी पंत, पुष्पा नेगी, पुष्पा सम्मल, माया, शशि वर्मा, माला, गोविंदी लोबियाल, संगीता, प्रीति आर्य, मंजू बिष्ट, हरीश मेहता, मलय बिष्ट, हेमन्त बगडवाल, हरेंद्र बोरा, प्रकाश पांडे, हेमवती नंदन दुर्गापाल, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन बिष्ट, पार्षद जाकिर हुसैन, कुंदन नेगी, हेमन्त बगडवाल, हेमन्त पाठक, संजय किरौला, गोविंद बगडवाल, भोला दत्त भट्ट, नरेश अग्रवाल, राजेन्द्र खनवाल, मयंक भट्ट, गिरीश पांडे, सुहैल सिद्दीकी, राजेन्द्र बिष्ट (रज्जी), सौरभ भट्ट आदि शामिल रहे।

## जिला स्तरीय ताइक्वांडों प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित मोहन लाल साह बालिका इंटर कालेज के विशेष संयोजन में जिला स्तरीय ताइक्वाडों प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को नैनीताल के डीएसए स्टेडियम में किया गया।

प्रतियोगिता के तहत अंडर 14, अंडर 17 तथा अंडर 19 बालक तथा बालिकाओं के मुकाबले खेले गए। उसके बाद तीनों वर्गो में खिलाडियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय ताइक्वाडों चैंपियनशिप जो कि बागेश्वर में होगी उसमें नैनीताल जिले से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्रीड़ा शिक्षिका प्रेमा फर्त्याल ने किया। इस मौके पर ब्लाक समन्वयक अजय कुमार, बी.डी.पांडेय, मोहन लाल साह बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या व प्रतियोगिता की संयोजक सबनम अहमद समेत पुष्पा कार्की, गोबिन्द, ज्योति दुर्गापाल, सुभांगी साह, समीर, रश्मि पुरोहित, पूनम दोहान, ममता, रितिका,डा.मीना बिष्ट तथा नितिका समेत अन्य खेल प्रेमी व गुरुजन व खिलाड़ी मौजूद थे।

# आठ दिवसीय एसएसबी प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय में बुधवार से आठ दिवसीय एसएसबी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।



इस अवसर पर उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. डीएस रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है जो छात्रों को भारतीय सेना में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल एसएसबी के लिए अर्हता प्राप्त करने के अतिरिक्त अनुशासन टीम वर्क तथा दृढ निश्चय निर्णय लेने की क्षमता तथा नेतृत्व जैसे प्रमुख गुणों को विकसित करने के बारे में है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थी रणनीतिक रूप से सोचने तथा निर्णायक रूप से कार्य करने और प्रभावी ढंग से नेतृत्व करने की अपनी क्षमताओं को निखारेंगे जो रक्षा सेवाओं में सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय सेवा के लिए समर्पित कैरियर में आवश्यक नेतृत्व गुणों को भी विकसित करेगा। उन्होंने छात्रों का आह्वान करते हुए कहा कि आप अपने पास उपलब्ध विशेषज्ञों का पूरा लाभ उठायें। प्रशिक्षण सत्रों में अधिकतम सीखने का प्रयास करें और भविष्य के समस्त प्रयासों में उत्कृष्टता प्राप्त करें। विशिष्ट अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, प्रो. पीसी जोशी ने कहा कि कुलपति कुमाऊँ विश्वविद्यालय का यह प्रयास अपने आप में विशिष्ट है कि विश्वविद्यालय में इतना महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह अपने आपमें अनूठा प्रयास है। उन्होंने कहा कि आप इस कार्यक्रम से अधिक मजबूतए आत्मविश्वासी और सम्मान और प्रतिष्ठा के साथ देश की सेवा के लिए तैयार होकर उभरें। कार्यक्रम में विजिटिंग प्रोफसर कर्नल डीके रावल ने कहा कि सशस्त्र बलों में अनुशासन टीम वर्क और निर्णय लेने की क्षमताओं के उच्चतम स्तर की आवश्यकता होती है और यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों में से प्रत्येक में उनका सर्वश्रेष्ठ लाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस मौके पर विजिटिंग प्रोफेसरए ग्रुप कैप्टन संदीप मोहन ने कहा कि यह कार्यक्रम एसएसबी के कठिन डिजाइन की मांगों को पूरा करने और विद्यार्थियों के भविष्य के प्रयासों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए किया जा रहा है। संचालन इस कार्यक्रम के समन्वयक डा0 रीतेश साहए सहायक निदेशक द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति और दोनों विषय विशेषज्ञों को इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्राथमिकता प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त करता हूं जो हमारे देश के भावी अधिकारियों को आकार देने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि इस प्रशिक्षण को दृढ संकल्प के साथ करें और इसके माध्यम से स्वयं को बताना है कि उनके पास इस महान राष्ट का नेतृत्व करनेए सेवा करने और उसकी रक्षा करने की क्षमता है। बता दें कि कार्यक्रम में कुमाऊँ विश्वविद्यालय के 32 विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं।

## युवक ने दो लोगों पर लगाया मारपीट का आरोप

**नैनीताल ।** मल्लीताल क्षेत्र के एक व्यक्ति ने दो लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बता दें कि मल्लीताल न्यू पैविलियन होटल आउट हाउस निवासी परवेज आलम ने कोतवाली में शिकायत करते हुए कहा है कि वह 16 सितंबर (सोमवार) को लगभग शाम 5.30 बजे रजा क्लब के पास दो से तीन लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान उसके बैग में रखे पैसे भी गिर गए। साथ ही उसका फ ोन भी तोड़ दिया है। मारपीट में उसको काफी चोटे आई हैं। मारपीट के दौरान उसको जान से मारने की भी धमकी दी गई है। पुलिस से शिकायत करने पर भी उसको मारने की धमकी दी गई है।

मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर वैल डाफ होटल आउट हाउस मल्लीताल निवासी नाजिम बक्श व सउवद बक्श के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 व 351 (2) के तहत कार्रवाई की गयी है।

## NEWS / फटाफट

### फोटोग्राफर अमित साह की पहली बरसी पर फोटो प्रदर्शनी

**नैनीताल।** नैनीताल सरोवर नगरी नैनीताल शहर के मशहूर फोटोग्राफर अमित साह की पहली बरसी पर उनकी ओर से खीचे गए फोटो की फोटो प्रदर्शनी बुधवार से नगर के फ्रीमेंसंस हाल में शुरु हो गयी है। बता दें कि फोटो प्रदर्शनी का आयोजन फोटोग्राफर्स आफ उत्तराखंड (पीओयू) की ओर से किया गया है। प्रदर्शनी का मकसद फोटोग्राफी में स्वर्गीय अमित साह के योगदान को दर्शाते हुए उनकी स्मृति को चिर स्थाई बनाए रखना है ताकि आने वाली पीढी उनसे प्रेरणा ले सके। फोटो प्रदर्शनी के दौरान नगर के वरिष्ठ फोटोग्राफर व अमित साह के साथी रहे प्रदीप पांडे ने प्रदर्शनी में लगी अमित के हर फोटो के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर पदमश्री अनूप साह, पद्म श्री शेखर पाठक, वरिष्ठ रंग कमी जहर आलम दिनेश उपाध्याय,राजीव दुबे नवीन बेगाना डीके शर्मा,, अजय साह , अदिति खुराना, सुमित साह भारती साह, हिमानी साह कंचन वर्मा, अनमोल नेगी मोहनलाल शाह के प्रशासनिक अधिकारी विनोद पांडे दामोदर लोहनी ,पिंकी , रितेश सागर, सुरेश कांडपाल,शरांश अल्मोड़ा , प्रमोद खाती, हिमांशु रावत , प्रांजल साह।डा उमा भट्ट, डीसी पालीवाल पर हिमांशु जोशी, कल्याण सिंह सजवाण, अहद तनवीर, अदिति खुराना, मोहन सिंह बिष्ट, अनमोल, प्रमोद,नवीन बेगाना, संजय, मो.जावेद,पवन कुमार, प्रमोद प्रसाद, डा.अशोक कुमार तथा पंकज रावत समेत कई फोटोगाफर समेत अन्य लोग प्रदर्शनी के अवलोकन के लिए पहुंचे थे।



### घर से किशोरी को भगाने के आरोपी को दबोचा

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में घर से किशोरी को भगाकर ले जाने वाले किशोर को किशोरी के साथ पुलिस ने पकड़ लिया है। किशोरी को परिजनों के सुपुर्द कर पुलिस किशोर को किशोर न्याय बोर्ड व उसके बड़े भाई को कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक बीते 15 सितंबर (रविवार) को तल्लीताल क्षेत्र में एक महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुए उसकी बेटी के घर से जाने के बाद घर वापस न आने की बात कही थी साथ ही तल्लीताल के ही एक युवक पर उसकी लडकी को भगाने का आरोप लगाया था। महिला की शिकायत पर पुलिस की ओर से एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया था जिसके बाद पुलिस ने ढूँढ खोज शुरू कर दी। मामले में तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश बोरा ने बताया कि महिला की शिकायत के बाद मंगलवार की देर रात को किशोरी को एक किशोर व उसके भाई के साथ किशोर के घर से बरामद कर लिया है। बताया कि किशोरी को इसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। जिसके बाद किशोर अपराध न्यायालय व उसके भाई आदिल को कोर्ट पेश करने की तैयारी की जा रही है।

### बाइक की किश्त जमा न करने पर तीन माह का कारावास व 65 हजार जुर्माना

**रुद्रपुर।** फाईनेंस की गयी बाईक की किश्त जमा न करने के मामले में एक व्यक्ति को कोर्ट ने तीन माह का कारावास और 65 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनायी है। अधिवक्ता सूरज सक्सेना के मुताबिक श्री राम सिटी यूनियन फाईनेंस लि. की रूद्रपुर शाखा ने एक चैक का मुकदमा धर्मेन्द्र कुमार निवासी ग्राम गिद्धपुरी छिनकी किच्छा के विरूद्ध माननीय चतुर्थ अपर सिविल जज प्रवर खण्ड रूद्रपुर में दाखिल किया था। उसमें बताया गया कि धर्मेन्द्र कुमार ने कंपनी से टू व्हीलर खरीदने हेतु लोन लिया था। लोन की किश्तें समय से जमा नहीं की जा रही थी। कंपनी की देनदारी के लिए धर्मेन्द्र ने कंपनी को पंजाब एंड सिंध बैंक के खाते का एक 56031 का चैक दिया था। कंपनी ने अपने पैनल एण्डवोकेट सूरज सक्सेना के माध्यम से न्यायालय में वाद दायर करवाया। पैनल अधिवक्ता ने वाद के समर्थन में कंपनी के विधिक अधिकारी को गवाह के रूप में पेश कर वाद को साबित कर दिया। जिस पर चतुर्थ अपर सिविल जज प्रवर खंड द्वारा अभियुक्त को तीन माह का साधारण कारावास तथा 65 हजार का जुर्माने की सजा सुनाई।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

# भारतीय हॉकी टीम के प्लेयर बॉबी धामी का हल्द्वानी आगमन पर अभिनंदन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी बॉबी सिंह धामी का हल्द्वानी आगमन पर अभिनंदन किया गया। धामी एंटवर्प, बेल्जियम में आयोजित हुई एफआईएच प्रो लीग और ओलंपिक कैंप के पश्चात प्रथम बार अपने कोच व उप जिला क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल से मिलने जिला खेल कार्यालय पहुंचे थे। उत्तराखंड बनने के बाद बॉबी धामी पहले खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारतीय सीनियर हॉकी टीम में जगह बनाई। यह प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है, उनका चयन प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। उत्तराखंड के सामान्य परिवार से निकलकर भारतीय पुरुष हॉकी टीम में जगह बनाना और अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय टीम में जगह बनाना यह पूरे प्रदेश के लिए गौरवान्वित करने वाला पल है। उप जिला क्रीड़ा अधिकारी नैनीताल वरुण बेलवाल ने बताया कि बॉबी धामी बहुत ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जो मैच के दौरान अनुशासित रहकर पूर्ण मानसिक सजगता से तकनीकी कौशल का प्रयोग करते हैं। बॉबी सीनियर टीम से ऑस्ट्रेलिया दौरे में पदार्पण कर चुके हैं और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार गोल किया। इससे पूर्व जून में लुसाने, स्विट्जरलैंड में आयोजित एफआईएच में भारतीय पुरुष टीम के सदस्य रहकर स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुके हैं और 2021 और 2023 जूनियर वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के उप कप्तान रहते हुए प्रतिभाग कर चुके हैं। वर्तमान में बॉबी धामी एफसीआई में कार्यरत हैं और भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम के बंगलुरु में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविर हेतु चयनित हैं। नेशनल कैंप एक अक्टूबर से प्रारंभ होगा, इसमें चयनित टीम जर्मनी के विरुद्ध आयोजित टेस्ट सीरीज में प्रतिभाग करेगी। इस मौके पर जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत, हॉकी उत्तराखंड के सचिव नरेंद्र सिंह बाफिला, उत्तराखंड बॉक्सिंग संघ के सचिव गोपाल खोलिया, सुरेश पांडे ने धामी का स्वागत किया। इस अवसर पर त्रिलोक सिंह जीना, गोविंद लटवाल,नीलेश गुप्ता, गौरव नयाल,नीता पोखरिया, गोपाल राम आदि मौजूद थे।

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## राजनीति में भूचाल!

*उनका यह कहना मायने रखता है कि देश की राजनीति में भी भूचाल ला सकते हैं, क्योंकि जिस-जिस पार्टी में वह रहे हैं, उस पार्टी के नेताओं के बारे में उन्हें जानकारी है। उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद वर्ष 2002 में हुए पहले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनी थी। नारायण दत्त तिवारी मुख्यमंत्री थे और हरक सिंह रावत उनके मंत्रिमंडल में शामिल थे। उस दौरान भी हरक सिंह रावत काफी चर्चित थे। हरीश रावत मुख्यमंत्री बने तो हरक सिंह रावत उनकी सरकार गिराने के लिए चर्चा में रहे। इसके बाद भाजपा की सरकार में हरक सिंह रावत मंत्री बने और वन क्षेत्र में पाखरो सफारी जोन बनाया।*

समाज के हर क्षेत्र में मर्यादा का पालन किया जाना चाहिए। सार्वजनिक जीवन में अनेक लोगों के सम्पर्क में रहने वाले व्यक्ति को विशेष रूप से सतर्कता बरतनी पड़ती है। राजनीति में साधारण कार्यकर्ता से लेकर जनप्रतिनिधि पर उंगली उठना मामूली बात है। नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहता है। कई बार जबान फिसलने पर अमर्यादित शब्दों का मुंह से निकलना अपमान का कारण बन जाता है, इसलिए नेता बोलते समय संयम बरतते हैं। उत्तराखंड में कुछ नेता लगातार चर्चा में बने रहते हैं। राज्य का गठन होने के बाद कांग्रेस और भाजपा को सत्ता मिलती रही है। हरक सिंह रावत चाहे सत्ता में हों अथवा विपक्ष में राजनीति की मुख्यधारा में बने रहते हैं। वन क्षेत्र में नया सफारी जोन बनाने के लिए हजारों पेड़ काटने के मामले में हरक सिंह रावत के खिलाफ जांच हो रही है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें हरक सिंह रावत ने दावा किया है कि उनका मुंह खुला तो उत्तराखंड ही नहीं देश की राजनीति में भूचाल आ जायेगा। किसी का नाम नहीं ले रहे हैं, लेकिन कुछ लोग जानबूझकर उन्हें टारगेट कर रहे हैं। एक फिल्म में अभिनेता राजकुमार के डायलॉग को दोहराते हुए कहा, 'जिनके घर कांच के होते हैं, उन्हें दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं उछालने चाहिएं।' यह बात सही है कि उत्तराखंड और देश की राजनीति में अनगिनत लोग दूध के धुले नहीं हैं, चाहे वह किसी भी पार्टी के हों। हरक सिंह रावत किसी एक पार्टी में नहीं रहे। दलबदल करने में भी हिचकते नहीं हैं। उनका यह कहना मायने रखता है कि देश की राजनीति में भी भूचाल ला सकते हैं, क्योंकि जिस-जिस पार्टी में वह रहे हैं, उस पार्टी के नेताओं के बारे में उन्हें जानकारी है। उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद वर्ष 2002 में हुए पहले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनी थी। नारायण दत्त तिवारी मुख्यमंत्री थे और हरक सिंह रावत उनके मंत्रिमंडल में शामिल थे। उस दौरान भी हरक सिंह रावत काफी चर्चित थे। हरीश रावत मुख्यमंत्री बने तो हरक सिंह रावत उनकी सरकार गिराने के लिए चर्चा में रहे। इसके बाद भाजपा की सरकार में हरक सिंह रावत मंत्री बने और वन क्षेत्र में पाखरो सफारी जोन बनाया। राज्य में सियासी उथल-पुथल होने पर हरक सिंह रावत कांग्रेस में वापस आ गये। कांग्रेस अब विपक्ष में है और हरक सिंह रावत के खिलाफ जांच हो रही है। प्रवर्तन निदेशालय 'ईडी' द्वारा हरक सिंह रावत से पूछताछ की जा रही है। हरक सिंह रावत ने यहां तक कह दिया कि जिस दिन उनका मुंह खुला, तो सीबीआई और ईडी क्या करेगी, यदि खुद का दामन साफ है तो जांच करें, वह प्रमाण देंगे। हरक सिंह रावत के इस बयान से ईडी और सीबीआई पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। दामन तो साफ शायद ही किसी का हो।

# मेला व्यवसाय पर चला पुलिस का डंडा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



नगर में नंदा देवी महोत्सव के दौरान डीएसए मैदान में मेले के लिए आवंटित अस्थायी दुकानों को बुधवार की सुबह पुलिस व नगर पालिका द्वारा जबरन हटाए जाने का व्यापारियों ने कड़ा विरोध किया है। दुकानदारों का कहना है पुलिस द्वारा उनके समान को फेंका गया व उनके साथ अभद्रता की गई ।

बता दें कि महोत्सव के दौरान तीन दिन लगातार बारिश के चलते दुकानों की आवंटन की तिथि 2 दिन बड़ा दी गयी थी। जिसके चलते नगर पालिका द्वारा ठाकुर जी इंटरप्राइज के ठेकेदार को आदेशित किया गया था की 19 सितंबर को डीएसए मैदान खाली होना होगा अगर मैदान खाली नही हुआ तो उक्त ठेकदार को 2 लाख रु प्रतिदिन जुर्माना भरना होगा। दुकानदारों का आरोप हैं की जब सुबह वो अपना सामान भर रहे थे उस समय पुलिस प्रशासन व नगर पालिक टीम दुकानों को हटाने डीएसए मैदान में दल बल के साथ उतर गए। व्यवसायिक ने आरोप लगाया कि नैनीताल पुलिस द्वारा घोर अभद्रता के साथ उनके सामान को फेंका गया व उनका चालान काटा गया, साथ ही साथ एक तरफ से नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा उनके सामान को जबरन गाड़ी में भरने व चालान काटने की प्रक्रिया चलती रही। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो इस अमानवीय कार्यवाही से अफरातफरी का माहौल बन गया, वायवसायियों का आरोप ये भी ही हैं मेले के पहले दिन से ही एक पुलिस अधिकारी बेल्ट हाथ में लेकर घूम रहा था और मेला परिसर में मूविंग व्यवसायियों पर व्यवस्था बनाने के नाम पर बेल्ट से पीट रहा था। मेला ठेकदार का कहना है कि उनके व्यवसायों को दुकान खाली करने के निर्देश दे दिए गए थे और वह अपना सामान भरा रहे थे इस दौरान पुलिस वह पालिका द्वारा अमानवीय व्यवहार निंदनीय है। ठेकेदार का कहना है कि दुकानदारों को बारिश के चलते नुकसान उठाना पड़ा है और अब पुलिस उनके साथ जबरदस्ती कर नुकसान पहुचा रही है। जिसे बर्दास्त नही किया जाएगा।

**कार्रवाई**
- नगर पालिका ने की चालानी कार्रवाई

## गौरव सेनानी व वीरनारियों की समस्याओं के समाधान को 28 को लगेगा शिविर

**हल्द्वानी।** नैनीताल व ऊधम सिंह नगर जिले में रहने वाले कुमाऊं, नागा रेजिमेंट व कुमाऊं स्काउट्स के गौरव सेनानी, वीर नोरियों व उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान के लिए कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर के कमाडेंट ब्रिगेडियर विशिष्ट सेवा मेडल संजय यादव ने पहल की है। इसके तहत 28 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से सैनिक विश्राम गृह काठगोदाम में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सेंटर कमांडेंट गौरव सेनानियों, वीर नारियों और उनके आश्रितों को संबोधित करेंगे और उनकी समस्यायों से रूबरू होंगे। इस दौरान मौके पर ही समस्याओं के निराकरण के लिए टीम मौजूद रहेगी। जिन समस्याओं का समाधान संभव नहीं होगा, उन्हें रानीखेत ले जाकर निस्तारित किया जाएगा। इस बीच जिला पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष रिटायर्ड मेजर बीएस रौतेला ने ब्रिगेडियर संजय यादव की इस पहल की सराहना करते हुए गौरव सेनानीयों, वीर नारियों और उनके आश्रितों से शिविर में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की है।

## स्वच्छता अभियान में युवाओं की भागीदारी विषय पर संगोष्ठी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता




इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी में नमामि गंगे एवं एनएसएस के तत्वावधान में चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता अभियान में युवाओ की भागीदारी विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

प्राचार्य प्रो. एके श्रीवास्तव ने उद्घाटन करते हुऐ कहा कि स्वच्छता का जीवन में बहुत महत्व है, क्योंकि यह हमारे शारीरिक, मानसिक, और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए फ़ायदेमंद है। हमको स्वयं से शुरू करते हुए अपने घर-परिवार, अपने गली-मोहल्ले, अपने शहर, अपने राज्य तथा राष्ट्र को स्वच्छ रखने का संकल्प लेना चाहिए। नोडल अधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितुराज पंत ने कहा कि हम अपने आसपास गमलों में छोटे-छोटे पौधे लगाएं।

कम बिजली, कम पानी, कम गैस का प्रयोग कर कोई भी व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण में सूक्ष्म स्तर पर ही सही लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रदूषण रोकने के लिए लकड़ी का उपयोग कम करना जरूरी है। मुख्य वक्ता अंकुर कुमार ने कहा कि युवाओं इस प्रकार के राष्ट्रीय अभियानों में बढ़-चढ़कर प्रतिभा करना चाहिए और संकल्प लेना चाहिए ना मैं गंदगी करूंगा और ना ही किसी को करने दूंगा।

उन्होंने कहा कि मानवता एवं समाज के लिए उच्चतम मानकों एवं स्तर पर निस्वार्थ सेवा और स्वयं सेवा के लिए युवाओं को तैयार तथा प्रोत्साहित करना, समावेशी विकास की दिशा में युवाओं को सशक्त करना जिससे कि वे अग्रणी भूमिका निभा सकें तथा सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और सुशासन हेतु अपेक्षित परिवर्तन के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य कर सकें, ये सब इस प्रकार के अभियानों के मुख्य उद्देश्य होते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता पंत ने सभी से इस अभियान में बढ़-चढ़कर प्रतिभा करते हुए स्वच्छता पखवाड़े को सार्थक बनाने का आवाहन किया। संगोष्ठी का संचालन डॉ. फकीर सिंह ने किया इस अवसर पर डॉ. दिनेश जोशी, डॉ. रेखा जोशी, डॉ. दिनेश चंद्रा, डॉ. मंजरी, डॉ. रुचि आदि उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## आराध्या बच्चन ने शिव राजकुमार के पैर छूकर लिया आशीर्वाद



*हाल ही में दुबई में हुए एक अवॉर्ड शो में ऐश्वर्या राय बच्चन की बेटी आराध्या बच्चन ने पूरी महफिल में कन्नड़ स्टार शिवा राजकुमार के पैर छूकर सभी को चौंका दिया। इस दौरान आराध्या के साथ उनकी मां ऐश्वर्या भी मौजूद थीं। आराध्या को पैर छूते देखकर अब ऐश्वर्या का रिएक्शन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की बेटी आराध्या बच्चन ने हाल ही में शिव राजकुमार के प्रति अपना रिएक्शन देकर सभी का दिल जीत लिया है। हाल ही में हुए दुबई में हुए SIIMA 2024 समारोह में जब ऐश्वर्या की मुलाकात शिव राजकुमार से हुई। इस दौरान ऐश्वर्या की बेटी आराध्या भी उनके साथ मौजूद थीं। इंस्टाग्राम पर पैपराजी ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें आराध्या का शिव राजकुमार से आशीर्वाद लेने का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में शिवा को चियान विक्रम और ऐश्वर्या राय का अभिवादन करते देखा गया, जो एक साथ बैठे थे। कन्नड़ स्टार ने ऐश्वर्या को पोन्नियिन सेलवन में उनके प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीतने पर बधाई दी। एक-दूसरे से मिलने के बाद, अभिनेत्री ने उन्हें आराध्या से मिलवाया। आराध्या ने बड़ी मुस्कान के साथ उनका अभिवादन किया, हाथ जोड़े और उनके पैर छूए। इस दौरान ऐश्वर्या अपनी बेटी के संस्कारों को देखकर बेहद खुश दिखीं। सोशल मीडिया पर यूजर्स ऐश्वर्या और बच्चन परिवार की आराध्या की अच्छी परवरिश की जमकर तारीफ कर रहे हैं।*

### ऐश्वर्या को तमिल अभिनेता चियान विक्रम के साथ देखा

*आराध्या और ऐश्वर्या को तमिल अभिनेता चियान विक्रम के साथ भी देखा गया। वायरल हुई एक तस्वीर में आराध्या विक्रम के साथ बातचीत करती नजर आईं। तमिल स्टार ने पोन्नियिन सेलवन में अपने अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। इस दौरान ऐश्वर्या अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ रेड कार्पेट पर भी जलवे बिखेरती नजर आईं। अवार्ड शो में जाने से पहले मां-बेटी की जोड़ी ने कैमरों के लिए शानदार पोज दिए।*

## पर्वतीय उत्थान मंच में श्री श्याम संकीर्तन आज शाम

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

श्री श्याम मित्र मंडली की ओर से आज गुरुवार की सायं सात बजे से पर्वतीय उत्थान मंच हीरानगर में विशाल श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें विख्यात भजन सम्राट नंदकिशोर नंदू श्री श्याम बाबा के भजन प्रस्तुत करेंगे। इनके साथ ही मुंबई के प्रख्यात गायक मनीष भट्ट, उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध भजन गायक विवेक शर्मा भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

आयोजक मंडल ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि महोत्सव में श्री श्याम का भव्य दरबार(जींद हरियाणा वालों का) और फूलों की सजावट, श्री श्याम रसोई भंडारा, छपन भोग आकर्षण का केंद्र रहेंगे। महोत्सव में तराई-भाबर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिभाग करेंगे। प्रेस वार्ता में शशि भूषण अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, सुनील मित्तल, विपिन गुप्ता, अंकित पाल, गौरव अग्रवाल, हनी अग्रवाल, निशु अग्रवाल, नवीन भटेजा, सौरभ अग्रवाल, रवि पलड़िया, हर्षवर्द्धन पांडे, सोनू बेलवाल, अनिल पाल, हर्षित पाल, राहुल भट्ट, संजीव कश्यप, वैभव गुप्ता, प्रदीप गोयल, हेमंत अग्रवाल आदि शामिल थे।



## News कॉर्नर

### एचएन इंटर कालेज में जनसमस्या समाधान शिविर कल

**हल्द्वानी।** नगर निगम के वार्ड 20 से 30 तक के लिए जनसमस्या समाधान शिविर कल 20 सितंबर को एचएन इंटर कालेज में अपराह्न एक बजे से आयोजित किया जाएगा। डीएम वंदना सिंह की अध्यक्षता में लगने वाले इस शिविर में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल, दाखिल खारिज के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण, खतौनी की सत्यापित प्रति उपलब्ध कराने के साथ ही आधार कार्ड भी बनाये जायेंगे। इसके अलावा चिकित्सा विभाग की ओर से आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी गर्भवती महिलाओ एवं लोगों का चेकअप करने के साथ ही औषधि वितरण किया जायेगा। यह जानकारी नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि जनसंवाद शिविर में उद्यान, कृषि, समाज कल्याण, पशुपालन, जलसंस्थान, विद्युत, उरेडा तथा खाद्य विभाग की ओर से स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

### श्री जी की रथ यात्रा दुनिया की सबसे बड़ी यात्रा: कुशाल शास्त्री

**हल्द्वानी।** श्री शांतिनाथ प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर में विगत दिनो से चल रहे पर्युषण पर्व के समापन अवसर पर क्षमावाणी पर्व के पावन अवसर पर समाज में बड़े हि धुमधाम से क्षमावाणी पर्व मनाया गया इस अवसर पर सुबह 7 बजे श्री जी का अभिषेक किया गया और अभिषेक के पश्चात के बाद जैन समाज द्वारा अपने वरिष्ठों माता-पिता के पद प्राकक्षालन करके उनसे क्षमा वाणी का पर्व मनाया गया और अपने माता-पिता की हमेशा सेवा करने का भी नियम दिलाया गया। श्री जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया गया इस अवसर पर आदिनाथ भगवान को सम्पूर्ण नगर में रथ के द्वारा घुमांया गया एवं शाम को श्री जी की 108 दीपकों से महाआरती की गई सांगानेर जयपुर से पधारे विद्वत श्री कुशाल जी जैन शास्त्री ने सायंकालीन प्रवचन में बताया कि क्षमा वीरों का भूषण है।

# 1880 की प्राकृतिक आपदा में मृत लोगों की याद में प्रार्थना सभा आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आल सेंट कालेज की प्रधानाचार्य किरन जरमाया के दिशा निर्देशन में नैनीताल में वर्ष 1880 की प्राकृतिक आपदा में मृत लोगों की याद में प्रार्थना सभा आयोजित की गई। बता दें कि नैनीताल के इतिहास में 18 सितंबर 1880 के नाम बहुत ही भयावह घटना दर्ज है। आज ही के दिन 143 वर्ष पूर्व नैनीताल में स्थित अल्मा की पहाडय़िों में वह विनाशकारी भूस्खलन हुआ था जिसे लगभग 151 लोगों को चिरनिद्रा में विलीन कर दिया था। इस प्रलन्यकारी आपदा में जान गवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए और भविष्य में नैनीताल को इस



प्रकार की प्राकृतिक विपत्ति से दूर रखने के लिए ही नगर के सुप्रसिद्ध विद्यालय ऑल सेंट्स कॉलेज द्वारा सेंट जॉन्स इन द विल्डर्नेस गिरजाघर में प्रार्थना सभा आयोजित की गई।

सभा में ऑल सेंट्स कॉलेज की छात्राओं ने ईश्वर की स्तुति करते हुए भजन गाकर सभा में अनमोल रस घोल दिया और हर एक श्रोता के हृदय में संवेदना भर दी जबकि भवाली के वुडब्रिज स्कूल नैनीताल के सेंट जॉन्स स्कूल, सेंट मैरिज कॉलेज, बिशप शॉ स्कूल व सेंट जोसेफ कॉलेज के छात्र.छात्राओं ने भी प्रभु के असंख्य उपकारों के लिए उनको धन्यवाद देते हुए गीत गाए। पास्टर जॉन जॉर्ज मुन्नवर ने पवित्र ग्रंथ बाइबिल से आशीर्वचन पढ़े व ईश्वर से नगर की उन्नति के लिए याचना की।

इस दौरान श्रीमती ज्योत्सना चार्ल्स ने पवित्र ग्रंथ बाइबिल की बुक ऑफ साल्म से अध्याय पढक़र परमपिता के अनादि काल से अनंत काल तक सर्वज्ञ होने पर प्रकाश डाला। वहीं कुमारी कैरेन चार्ल्स ने बाइबिल से कुरिंथियों का अध्याय पढ़ पुनरुत्थान के साथ मोक्ष देने वाले ईश्वर को धन्यवाद दिया।ऑल सेंट्स कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती किरन जरमाया ने मध्यस्थता दुआएं पढ़ी व देशए राज्य और नगर के उद्धार के साथ-साथ सभी देशवासियों की उन्नति वह मंगल भविष्य के लिए प्रार्थना की।

वुड ब्रिज स्कूल के निर्देशक विनय कर ने 1880 की इस खौफनाक आपदा का अत्यंत ही दुखद वृतांत सुनाया और सभी को भावुक कर दिया। साथ ही उन्होंने सभी से भविष्य में इस तरह की त्रासदी से बचने के लिए अभी से ठोस कदम उठाते हुए प्रकृति का संरक्षण करने का आह्वान किया।अंत में सेंट मैरिज कॉलेज की प्रधानाचार्या सिस्टर मंजूषा ने सभी की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। पास्टर मुन्नवर ने सभा में उपस्थित सभी को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान ऑल सेंट्स कॉलेज के साथ नगर के सेंट जोसेफ कॉलेज, सेंट मैरीज कॉलेज तथा बिशप शॉ स्कूल व सेंट जॉन्स स्कूल और भवाली के वुडब्रिज स्कूल के बच्चे व प्रधानाचार्य श्री एवं श्रीमती अरविन, गीता साह, आलोक साह व शहर के अन्य गणमान व्यक्ति उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी सड़कों पर उतरे कांग्रेसी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल द्वारा राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर बुधवार को कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेता व लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी व जान से मारने की धमकी के खिलाफ नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल के नेतृत्व में तल्लीताल स्थित गांधी चौक पर केंद्र की भाजपा सरकार का पुतला फूं का ओर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर अनुपम कबड्वाल ने कहा कि भाजपा के पूर्व विधायक तरविंदर सिंह मारवाह तथा विधायक संजय गायकवाड व केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के इशारे पर नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ इस प्रकार की अनर्गल बयानबाजी की जा रही है जिसे कांग्रेस का कोई भी कार्यकर्ता किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करेगा व



कांग्रेस जन सडक़ पर उतरकर इसका विरोध करेंगे। अन्य वक्ताओं ने अंकिता भंडारी की दूसरी बरसी पर उसे न्याय न मिलने पर रोष व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस खष्टी बिष्ट समेत नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. भावना भट्ट समेत वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मुन्नी तिवारी,डा. सरस्वती खेतवाल, सावित्री सनवाल, कैलाश अधिकारी, बंटू आर्या, आशा भट्ट, सपना बिष्ट, सुनीता आर्य, अंजू चौधरी, मनोज भट्ट, राजेंद्र व्यास, योगेश साह, सुखदीप सिंह आनंद, गौरव कुमार, सुजल सहदेव, राहुल पुजारी, पूर्व पालिकाध्यक्ष संजय कुमार संजू, त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल, भावना श्रीवास्तव, खैरुनिशा, मंजू देवी, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष शार्दुल नेगी,पप्पू कर्नाटक, कनक साह,राजेंद्र सिंह मनराल तथा आयुष कुमार आदि कांग्रेसी मौजूद थे।

# एसएसपी ने किया साइबर सेल कार्यालय का औचक निरीक्षण

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

**निर्देश**

- साइबर जागरूकता संबंधी कार्यक्रम करने और साइबर पीड़ितों की तत्काल सहायता को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जनपद की कमान संभालने के बाद से ही एसएसपी मणिकांत मिश्रा एक्शन मोड़ पर दिख रहे हैं। उन्होंने पुलिस कार्यालय में स्थित साइबर सेल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साइबर सेल में नियुक्त कर्मचारियों के कार्यो की समीक्षा भी की। एसएसपी ने साइबर सेल को और अधिक मजबूत करने के साथ ही पीड़ितों की सहायता को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसएसपी को बताया गया कि जनपद साइबर सेल ने वर्ष 2024 में अब तक अठासी लाख से अधिक की धनराशि पीड़ितों के खातों में वापस कराई गई है और साढ़े आठ करोड़ की धनराशि विभिन्न खातों में होल्ड करवाई गई है। एसएसपी ने साइबर सेल में नियुक्त अधिकारी/ कर्मचारियों को कार्यों में अधिक गुणवत्ता लाने हेतु निर्देशित किया। एसएसपी के निरीक्षण के दौरान पुलिस अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# 300 किलोग्राम डोडा, व 5 किलो 322 ग्राम अफीम के मामले में फरार चल रहा वारंटी दबोचा



**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड राज्य को नशा मुक्त बनाये जाने के निर्देश एसएसपी मणिकान्त मिश्रा ने थाना प्रभारियों को दिए हैं। इसके साथ ही ड्रग्स से जुडे अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई अमल में लाने के भी निर्देश दिये गये।

मार्च माह में थाना पुलभट्टा क्षेत्र कैंटर में रद्दी व कबाड़ के बीच भारी मात्रा में मादक पदार्थ 300 किलोग्राम डोडा, एंव 05 किलो 322 ग्राम अफीम में 2 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया था। नशे का सरगना नागेन्द्र सिह पुत्र वीर सिह निवासी- भगवन्तपुर केशोनगरी थाना स्वार जिला रामपुर यूपी का नाम प्रकाश मे आया। पुलिस ने इस मामले में मामला पंजीकृत करने के बाद फरार चल रहा नागेन्द्र की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस से बचने को वह अपना ठिकाने बदल रहा था। पुलिस ने उसके विरूद्ध कोर्ट से एनबीडब्ल्यू भी जारी कराया था। पुलिस के मुताबिक पुलिस ने मुखबिर ने सूचना पर फरार चल रहा नशे का सरगना को घेराबन्दी कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि गिरफ्तार नागेन्द्र सिह मादक पदार्थ तस्करी का अपराधी है जो पूर्व मे भी जेल जा चुका है। अपने वाहन में रद्दी के बीच भारी मात्रा मे डौडा व अफीम झारखंड से मंगाकर जनपद में होटल ढाबो पर सप्लाई करता था।

पुलिस टीम में थानाध्यक्ष रविन्द्र बिष्ट, चौकी प्रभारी बरा पंकज कुमार, एएसआई प्रकाश चंद्र, इन्द्र प्रकाश आदि शामिल रहे।

### डीएसबी में प्री- पीएचडी की परीक्षा आयोजित

**नैनीताल ।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में बुधवार को प्री-पीएचडी की परीक्षा आयोजित की गयी गयी। परिसर के लिए 220 छात्र- छात्राओं ने आवेदन किया था जिसमें से सभी उपस्थित रहे। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की गयी जिसमें से कला वर्ग के 128 जबकि विज्ञान वर्ग के 66 तथा कॉमर्स के 15 व शिक्षा शास्त्र के 11 छात्रों ने परीक्षा दी। परीक्षा प्रभारी डॉ विजय कुमार ने बताया की परीक्षा में आवेदन करने वाले सभी छात्र उपस्थित रहे।

# चौकी प्रभारी की युवक का कालर पकड़े हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

शहर की एक चौकी इंचार्ज युवक का कॉलर पकड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो चैकिंग के दौरान का बताया जा रहा है। दरोगा पर युवक से बदसलूकी करने का आरोप लग रहे हैं। वीडियो में दिख रहा चौकी प्रभारी का विवादों से नाता रहा है। बुधवार की देर रात अचानक सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो गया। वायरल इस दो मिनट के वीडियो में सड़क पर बाईक गिरी दिख रही है और शहर की एक चौकी प्रभारी युवक का कॉलर और हाथ पकड़े हुए दिखाई दे रहा है। चौकी प्रभारी हेलमेट लगाए हैं और किसी से मोबाइल बात भी कर रहा है। मौके पर लोगों की भीड़ जमा होता देख दरोगा ने कालर छोड़कर युवक का हाथ पकड़ लिया है। जिस किसी ने वीडियो बनाई है, उसमें युवक कहता सुना जा रहा है कि युवक के साथ हाथापाई नहीं करनी चाहिए थी। वीडियो में मौके पर मौजूद एक पुलिस कर्मी चालान मशीन लेकर खड़ा दिख रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर लोग दरोगा के व्यवहार पर सवाल खड़े कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो उक्त चौकी प्रभारी पूर्व में कई जगह विवादित रह चुका है। इधर एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने वायरल वीडियो के मामले में बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

# मानसखंड विषय आधारित चित्रकला व ऐपण प्रदर्शनी का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनी महिला जागृति संस्था द्वारा बुधवार को मानसखंड विषय आधारित चित्रकला प्रदर्शनी एवं ऐपण प्रदर्शनी का आयोजन नैनीताल क्लब कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया।

बता दें कि चित्रकला प्रदर्शनी की प्रायोजक कुमाऊं मंडल विकास निगम एवं ऐपण प्रदर्शनी संस्कृति विभाग द्वारा प्रायोजित की गई। मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या तथा संस्था की अध्यक्ष मंजू रौतेला एवं अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक सरिता आर्या ने मानसखंड मन्दिर माला योजना को मुख्यमंत्री की सकारात्मक पहल




बताया इसके साथ ही ऐपण कला के संरक्षण को सरकार की प्रतिबद्धता बताया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों एवं युवा ऐपण कलाकारों द्वारा अपनी कृतियों के बारे में जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि जीवंती भट्ट द्वारा विजयी प्रतिभागियों पुरस्कार प्रदान किए गए।

मानसखंड चित्रकला प्रदर्शनी में प्रथम स्थान शिवानी जबकि द्वितीय स्थान खुशी उप्रेती तथा तृतीय स्थान सुनंदा रॉय ने प्राप्त किया। इसके साथ ही जहान्वी भगत, साहिबा, निकिता पवार, कमला चिलवाल, यशिका जोशी एवं कोमल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निर्णायक पारुमीता साह ने प्रतिभागियों को चित्रकला की बारीकियों से अवगत कराया एवं मंजू रौतेला ने ऐपण के मूल सिद्धांतों के बारे में जानकारी दी। आयोजक सचिव हरीश राणा ने बताया की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मानसखण्ड योजना की थीम को केन्द्र में रखकर आज का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान मीनू बुधलाकोटी,अमिता साह, सचिव रश्मि राणा, सांस्कृतिक सचिव दीपा जोशी, प्रिया रावत, मोहित साह, नीरज बिष्ट, अभिषेक बिष्ट समेत विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागी उपस्थित रहे।